# कार्यालयः निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक शिविरा-माध्य/ गुण. तथा प्राश. अनु./गुण0910/RKSMBK/ 61186/ 2021-22 दिनांक 23.12.22

**समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा राजस्थान।**
**समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।**
**समस्त जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय (माध्यमिक/प्रारंभिक)**
**समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।**
**समस्त पीईईओ/यूसीईईओ**
**समस्त संस्था प्रधान**

**विषयः–** आरकेएसएमबीके आकलन–2 के पश्चात् की कार्ययोजना के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत "राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम" कार्यक्रम की कार्ययोजना के अनुरूप आप सभी द्वारा आरकेएसएमबीके आकलन–1 तथा आरकेएसएमबीके आकलन–2 कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित किया गया है। कार्यक्रम की मूल अवधारणा के अनुरूप विद्यार्थियों द्वारा लक्षित दक्षताओं की शत–प्रतिशत प्राप्ति करवाने तथा उक्त कार्यक्रम के सही लाभ को विद्यार्थियों तक पहुँचाने के लिये आरकेएसएमबीके आकलन के उपरान्त समस्त फील्ड अधिकारियों द्वारा निम्नांकित कार्य किये जाने अपेक्षित हैः–

❖ **"राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम" कार्यक्रम की मूल अवधारणा को शिक्षकों तक पहुंचाना एवं कार्यरूप देना :–** राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम कार्यक्रम की मूल अवधारणा विद्यार्थियों को "अब रटना नहीं समझना है" तथा विद्यार्थी को चिन्हित दक्षता में निपुण बनाना सभी शिक्षकों तक पहुँचाना हमारा मुख्य ध्येय होना चाहिए। आरकेएसएमबीके कार्यक्रम की मूल अवधारणाएं निम्नानुसार हैः–

1. दक्षता आधारित व गतिविधि आधारित शिक्षणः–
   - पूर्व के सत्रों की भाँति कक्षा के सभी विद्यार्थियों के लिये एकल व समरूप शिक्षण शैली के साथ–साथ विद्यार्थियों को पढाई जाने वाली वर्कबुक्स में ही विगत कक्षा की दक्षताओं को सम्मिलित कर, शिक्षण को गतिविधि आधारित आनंददायी शिक्षण इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य है, जिससे विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित हो।
   - इस कार्यक्रम से शिक्षक प्रत्येक विद्यार्थी को उसके लर्निंग लेवल के अनुसार कांपिटेंसी बेस्ड अध्ययन करवाकर उसे अपने क्लास लेवल तक लाने में मदद करे।
2. आरकेएसएमबीके के प्रमुख सारथी–शिक्षकः–
   - आरकेएसएमबीके कार्यक्रम में शिक्षकों को अध्ययन अध्यापन प्रकिया में अधिक समय देने के लिए आरकेएसएमबीके एप तैयार किया गया, जिससे कि शिक्षक का बोझ कम हो तथा उन्हें शिक्षण अधिगम प्रकिया हेतु अधिक समय मिलें।
   - "आरकेएसएमबीके शिक्षक एप" के माध्यम से शिक्षकों को उनकी कक्षा के लिए पर्सोनेलाइज्ड विद्यार्थी समूहीकरण, गतिविधि आधारित शिक्षण के सुझाव, शिक्षण सामग्री के वीडियों, आकलन आंसर शीट स्कैनर आदि प्राप्त हो रहे हैं।
   - इसके प्रयोग से शिक्षकों का विश्लेषण में लगने वाला समय बचेगा और वह पूरी तरह से अपना ध्यान पठन–पाठन की गतिविधियों पर लगा पाएंगे।
3. शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के लर्निंग लेवल के अनुरूप विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करनाः–
   - आरकेएसएमबीके कार्यक्रम में वर्कबुक एवं एप के माध्यम से दक्षता आधारित अध्ययन कार्य के लिये प्रथम दो कालांश में सुनिश्चित किए गये हैं।
   - इन निर्धारित कालांशों में केवल समूह आधारित शिक्षण करवाया जाना है, क्लास का नॉर्मल सिलेबस नही कराया जाना हैं।
   - केवल सिलेबस कंप्लीट कराने की बजाए प्रत्येक विद्यार्थी को उसके स्तर के अनुसार पढ़ाया जाकर कक्षा स्तर तक लाया जाए।

Rajsthan Education Department

4. <u>विद्यार्थियों द्वारा लक्षित दक्षता की शत प्रतिशत प्राप्ति के लिए प्रयास करनाः–</u>

- प्रथम दो कालांशों में शिक्षक द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना हैं कि इन कालांशों में विद्यार्थियों को चिन्हित दक्षता प्राप्ति हेतु गतिविधि करवायी जाये। उदाहरण के लिये यदि कक्षा 5 के किसी विद्यार्थी को यदि दो अंकों की संख्या की पहचान नहीं हैं तो पहले उसे दो अंकों की संख्या की पहचान सिखाए तत्पश्चात् ही उसे जोड़ने की अवधारणा समझाना हैं।

5. <u>भयमुक्त व आनन्ददायी शिक्षणः–</u>

- कक्षा के सभी विद्यार्थियों के लिये एकल व समरूप शिक्षण शैली के स्थान पर विद्यार्थी को पढाई जाने वाली वर्कबुक्स में कक्षा स्तर के साथ–साथ गत कक्षा की दक्षताओ को भी सम्मिलित कर विद्यार्थी के स्तर के अनुकूल डिजाइन किया गया है।


❖ **<u>''राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम'' कार्यक्रम के लिए आवश्यक शिक्षण घटक :–</u>**

1. <u>दक्षता एवं गतिविधि आधारित क्लस्टर वर्कबुक्सः</u>

- यह वर्कबुक्स बैक ग्रेड की दक्षताओं के आधार पर तैयार की गई है। वर्कबुक के प्रयोग से विद्यार्थी द्वारा सीखी गई दक्षताओं की ट्रेकिग की जानी है, जिसके आधार पर विद्यार्थियों को रेमिडिएशन देकर एट ग्रेड स्तर पर लाना है।
- विभाग द्वारा लर्निंग लॉस को समाप्त करने हेतु आरएससीईआरटी द्वारा कक्षा 1 से 8 के लिए लर्निंग लेवल आधारित 18 कलस्टर वर्कबुक्स विकसित की गई हैं। ब्रिज– रेमेडिएशन कार्यक्रम के दौरान कक्षा 3 से 8 तक के समस्त विद्यार्थियों द्वारा निम्न वर्कबुक्स का उपयोग किया जा रहा हैः–

Rajasthan Education Department


| वर्कबुक का नाम | कक्षा | सीखने का स्तर |
|---|---|---|
| प्रथम | कक्षा 1 | एट–ग्रेड – लेवल 1 |
| पल्लव | कक्षा 2 | एट–ग्रेड – लेवल 2 |
| पहल | कक्षा 3 | बिहांइड ग्रेड –लेवल 1,2 |
| प्रयास | कक्षा 4–5 | बिहांइड ग्रेड –लेवल 2,3,4 |
| प्रवाह | कक्षा 6–7 | बिहांइड ग्रेड – लेवल 4,5,6 |
| प्रखर | कक्षा 8 | बिहांइड ग्रेड – लेवल 5,6,7 |




- इन वर्क बुक्स में कक्षा स्तर के साथ–साथ गत कक्षा की दक्षताओ को भी सम्मिलित कर विद्यार्थी के स्तर के अनुकूल डिजाइन किया गया है, जिससे विद्यार्थियों का शिक्षण–अध्ययन अधिक आनंददायी एवम गतिविधि आधारित बनाया जा सके।

2. <u>आरकेएसएमबीके शिक्षक एपः</u>


- कक्षा 3 से 8 तक हिन्दी, अंग्रेजी व गणित विषय का षिक्षण करने वाले शिक्षकों की सहायता के लिए विभाग द्वारा एक टीचिंग एड एप ''आरकेएसएमबीके शिक्षक एप'' बनाया गया हैं
- विषयाध्यापकों द्वारा इस एप को डाउनलोड कर आरकेएसएमबीके एप का अभ्यास चरण, आकलन चरण, ओसीआर शीट को स्कैन कर अपलोड करना तथा अब आरकेएसएमबीके आकलनों के परिणाम को भी इसी ऐप से प्राप्त किया है।
- परिणाम के उपरांत विद्यार्थियों की विषयवार एवं दक्षतावार प्रदर्शन का अवलोकन के आधार पर विद्यार्थीवार लक्षित दक्षता विशेष की वीडियो एप के माध्यम से षिक्षक प्राप्त कर पा रहे है, जो लक्षित दक्षता के षिक्षण में सहायक होगी।




3. <u>एप की सहायता से कक्षा समूहों का पुनर्निधारण :–</u>

- बेसलाइन आकलन के पश्चात बनाए गये दो समूह में से विद्यार्थियों द्वारा लक्षित दक्षताओं को प्राप्त किया है।
- लक्षित दक्षता प्राप्त करने मे असफल रहे विद्यार्थियों के प्रदर्शन के आधार पर एप में शिक्षकों को,विद्यार्थियों के, नवीन समूह सुझाव प्राप्त होते हैं।

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते





4. <u>ABL किट का प्रयोग एवं शिक्षकों द्वारा कक्षा कक्ष गतिविधियों के लिए स्वयं के स्तर पर ABL का निर्माण:</u>

- विद्यार्थियों की एबीएल किट को सभी विद्यालयों तक पहुंचाया गया है साथ ही इसके उपयोग के सही तरीके को दक्ष शिक्षकों ने वीडियो कंटेंट द्वारा क्लियर किया है। एबीएल किट उपयोग संबंधी वीड़ियों लिंक: https://youtu.be/0uuqGKVvuqg
- साथ ही कक्षा–कक्ष की परिस्थितियों के आधार पर किसी भी गतिविधि को विद्यार्थियों को सही से समझाने व विद्यार्थियों की कक्षा–कक्ष में अधिकाधिक भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिये शिक्षक स्वयं के स्तर पर एबीएल निर्माण कर सकते हैं।

5. <u>शिक्षक एप में विद्यार्थी समूह दक्षता गतिविधियों के आधार पर दिये गये वीडियो सुझाव:</u>

- एप में विद्यार्थी प्रदर्शन के आधार पर शिक्षक को, विद्यार्थी विशेष के लिए सुझाव प्राप्त होते हैं, जो कि विद्यार्थियो ंको विशिष्ट दक्षताओं के अध्यापन करने में सहायता प्रदान करेंगे।
- शिक्षक एप से प्राप्त इन सुझावों तथा एप मे ंदी गई दक्षताओं हेतु उपलब्ध अध्ययन सामग्री एवं दक्षता के वीडियो के आकलन में शेष रही दक्षता व आगे की दक्षताओं को पढ़ाने में यह सहायता करता हैं।




6. विभागीय यूटयूब चैनल पर दी गई अतिरिक्त अध्ययन सामग्री जैसे गतिविधि आधारित शिक्षण वीडियो, शिक्षक साथी सीरिज, वेबीनार सीरिज इत्यादि:

- इन वर्कबुक्स की किन वर्कशीट्स के लिए किन गतिविधियों का प्रयोग किया जाना हैं, यह विभिन्न वीडियो बाइट्स, वेबीनार सेशन्स द्वारा बताया जाता रहा है।
- प्रत्येक शुक्रवार को सांय 5:30 से 6:30 तक ''राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम'' साप्ताहिक वेबीनार सीरीज विभाग के यू–ट्यूब चैनल पर प्रसारित की जाती हैं।
- शिक्षकों को कार्यक्रम के संचालन में आ रही समस्याओं के समाधान के लिये प्रति सप्ताह ''शिक्षक साथी'' वीडियो भी उपलब्ध है।

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते










RKSMBK द्वारा प्रस्तुत है **शिक्षक साथी सीरीज** 🤝📲

अब होगा हर परेशानी का समाधान - वीडियो के माध्यम से! 📽️🥳🔴

**विद्यार्थी समूहीकरण पर वीडियो:**
https://youtu.be/ow1xhbzJGn0

**कार्यपुस्तिकाओं को हल करवाना व उनकी जांच सम्बंधित वीडियो:**
https://youtu.be/ow1xhbzJGn0

❖ आरकेएसएमबीके आकलन के परिणामों के पश्चात् परिणामों का विश्लेषण एवं प्रयोगः—

- ''राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम'' कार्यक्रम में वर्कबुक एवं एबीएल किट, विभिन्न गतिविधियों के आधार पर दक्षता आधारित शिक्षण के पश्चात् विद्यार्थी द्वारा प्राप्त की गई दक्षताओं के आकलन हेतु दिनांक 3 से 5 नवम्बर 2022 को आरकेएसएमबीके आकलन—1 आयोजित हुआ, जिसका परिणाम दिनांक 18 नवम्बर 2022 को जारी किया गया तथा दिनांक 03.12.22 को की गई मेगा पीटीएम में इन दक्षता आधारित रिपोट कार्ड्स को अभिभावकों के साथ साझा किया गया तथा विद्यार्थी द्वारा दक्षतावार प्रदर्शन पर अभिभावकों के साथ विमर्श किया गया।
- इसके पश्चात् दिनांक 17 से 20 दिसम्बर 2022 को आरकेएसएमबीके आकलन—2करवाया गया। आरकेएसएमबीके आकलन—2 का परिणाम संभवतः दिनांक 02 जनवरी 2023 घोषित किया जाना है, इन दक्षता आधारित रिपोर्ट कार्ड्स को सभी विद्यालयों एवं विद्यार्थियो तक आरकेएसएमबीके एप,शाला दर्पण तथा विभागीय वेबसाइट द्वारा पहुंचाया जाएगा तथा दिनांक 07 जनवरी 2023 को मेगा पीटीएम का आयोजन किया जाना हैं। आरकेएसएमबीके आकलन—2 के परिणाम का विश्लेषण एवं प्रयोग हेतु निम्नलिखित कार्य किये जाने हैं—

1. आरकेएसएमबीके विषयक आधारित स्टॉफ मीटिंगः

- प्रत्येक पीईईओ को स्कूल लॉगिन पर आरकेएसएमबीके आकलन में कक्षावार, विषयवार, दक्षतावार, परिणाम उपलब्ध करवाया गया हैं।


RKSMBK CLASS PERFORMANCE STUDENT STARS

नोटः- यहाँ नम्बरों का मतलब स्टार से है।

Select the appropriate option

Class: 6

Subject: Hindi

Show


| StudentName | क्रिया और काल का उपयोग करना | लिखित सामग्री को समझना | विराम चिह्न का उपयोग करना | संज्ञा शब्दों को सन्दर्भ में लिखना |
|---|---|---|---|---|
| ANJALI KUMARI | 2 | 2 | 1 | 2 |
| BHAGWATI | 2 | 2 | 2 | 2 |
| BHARAT KUMAR | 2 | 2 | 2 | 3 |


Rajasthan Education Department


- समस्त पीईईओ द्वारा अपने परिक्षेत्र के स्टाफ के साथ दिनांक 06 जनवरी 2023 (पीटीएम से पूर्व दिनांक) को अकादमिक व आरकेएसएमबीके विषयक, आरकेएसएमबीके परिणाम के विश्लेषण आधारित स्टॉफ मीटिंग आयोजित की जानी है।
- इसके पश्चात् पीईईओ द्वारा नियमित रूप से प्रति पाक्षिक आरकेएसएमबीके आधारित एकेडमिक मीटिंग का आयोजन किया जाना हैं।

2. आरकेएसएमबीके आकलन—1 व आकलन—2 पर विषयवार, कक्षावार, दक्षतावार परिणामों पर चर्चाः

- प्रत्येक पीईईओ को स्कूल लॉगिन पर आरकेएसएमबीके आकलन 1 तथा 2 में कक्षावार, विषयवार, दक्षतावार, परिणाम उपलब्ध करवाया गया हैं।
- अतः पीईईओ को दिनांक 06 जनवरी 2023 को अपने परिक्षेत्र के सभी संस्था प्रधानों व हिंदी, अंग्रेजी व गणित के विषयाध्यापकों के साथ उनके विद्यालयों के आरकेएसएमबीके आकलन—1 व आकलन—2 के परिणामों पर विषयवार, कक्षावार, दक्षतावार चर्चा करनी हैं तथा संस्था प्रधानों व विषयाध्यापकों के साथ संपूर्ण परिणाम का विश्लेषण कर दक्षता सुधार के लिये आवश्यक सुझावों को नोट करवाना हैं तथा उक्त बैठक का ब्यौरा संधारित करना है।







3. <u>आरकेएसएमबीके आकलन–2 के परिणामों की आकलन–1 के साथ तुलना:</u>

- आरकेएसएमबीके आकलन–2 में आरकेएसएमबीके आकलन–1 की दक्षताओं को भी सम्मिलित किया गया हैं। अतः परिणाम के पश्चात् पीईईओ को दोनो आकलनों में विद्यार्थियों के प्रदर्शन की विषयवार, कक्षावार, दक्षतावार तुलनात्मक चर्चा करनी हैं।
- जैसे कि आरकेएसएमबीके आकलन–1 के पश्चात् आरकेएसएमबीके आकलन–2 में विद्यार्थियों का समान दक्षता में प्रदर्शन में कितना सुधार हुआ हैं तथा कितने और प्रयास अभी अपेक्षित हैं।

उक्तानुसार विद्यालयों में अध्ययन, एप का अपडेशन एवं उपयोग, परिणाम में चिन्हित की गई दक्षताओं का पुनः अध्यापन, स्टाफ मीटिंग, मेगा पीटीएम कर प्रतिपुष्टिकरण तथा प्रभावी प्रबोधन कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**(गौरव अग्रवाल)**
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिकशिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

**प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रारं. शिक्षा) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. आयुक्त तथा राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् राजस्थान, जयपुर।
3. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा एवं पंचायती राज (प्रारंभिक शिक्षा) विभाग, राजस्थान, बीकानेर।

Rajasthan Education Department

4. निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर ।
5. उपनिदेशक, शालादर्पण जयपुर को भेजकर निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 06.01.2023 को होने वाली मेगा पी.टी.एम के लिये शाला दर्पण पर पीईईओ परिक्षेत्र के लिये विश्लेषण उपलब्ध करवाये।
6. डाईट प्राचार्य, समस्त जिले।
7. प्रधानाचार्य सादुल स्पोटर्स स्कूल, बीकानेर।
8. मैनेजर गुरूनानक भवन संस्थान, जयपुर।
9. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा, विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
10. समस्त संस्था प्रधान राजकीय विद्यालय
11. रक्षित पत्रावली।

**स्टाफ ऑफिसर**
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर।

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते